
हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 8 जुलाई 2025

04 सामान्य ज्ञान, श्रीकृष्ण रासलीला तथा संस्कार...



07 मुनिश्री सुधासागर महाराज बरखेड़ा से 5 किमी आगे ...





## समाचार संक्षेप

### भाजपा नेता अरविंद गुप्ता को पितृ शोक

**गुना।** वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता के पिता एवं नगरपालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता के ससुर केसी गुप्ता का रविवार रात को निधन हो गया। सोमवार सुबह गुप्ता के निज निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई और स्थानीय बूढ़े बालाजी मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्व केसी गुप्ता के निधन पर भाजपा-कांग्रेस के नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन, समाजजन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व राजनीतिक दलों के नेता व पदाधिकारी शामिल हुए।



### आज रहेगा विद्युत प्रदाय प्रभावित

**आरोन।** मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड दोबारा किये जा रहे मेंटेनेंस कार्य के कारण 33 kv अरोन फीडर पर आने वाले 33/11 kv सवस्टेशन, एब उससे निकलने वाले समस्त 11 kv फीडर का विदुत प्रदाय दिनाक 8/07/2025 को सुबह 10 से दोपहर 5 बजे तक रहेगा। इस कारण इन फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं का विद्युत प्रदाय प्रभावित रहेगा। प्रभावित होने वाले ग्राम आरोन सिटी, रिजोदा रिदान करु इमलिया बंमचेडी कुमराइ श्योपुर कुस्मान एवं इस फीटर पर आने बाले अन्य ग्रामों का विदुत प्रदाय होगा।

### नपा का अभियान "सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ"




**गुना।** सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत बारिश के समय घर के आस पास पानी के भराव से उत्पन्न मच्छरों के कारण मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारिया उत्पन्न हो रही हैं, इनके बचाव के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री के आदेशानुसार सहयोगी स्वच्छता टीम सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट के द्वारा सार्वजनिक एवं सामाजिक शौचालय में साफ सफाई कराई गई।

### नेही अग्रवाल ने सीए परीक्षा में हासिल की शानदार सफलता, भोपाल डिवीजन में किया टॉप



**गुना ।** जिले की होनहार छात्रा नेही अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे गुना नगर का नाम रोशन किया है। नेही ने भोपाल डिवीजन में सर्वोच्च अंक प्राप्त करते हुए टॉप किया है। उन्होंने कुल 410 अंक हासिल कर जिले को गौरवांवित किया और यह साबित किया कि छोटे शहरों के छात्र भी कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय से राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। नेही अग्रवाल गुना के प्रतिष्ठित व्यवसायी दिलीप अग्रवाल और मनीषा अग्रवाल की सुपुत्री हैं। प्रारंभ से ही मेधावी रही नेही का शिक्षा के प्रति समर्पण और अनुशासन उन्हें इस मुकाम तक लाया। उनकी इस सफलता पर न केवल परिवार में उत्सव का माहौल है, बल्कि समूचे गुना नगर में भी हर्ष की लहर है।अपनी इस उपलब्धि पर नेही ने कहा, संसार में कुछ भी असंभव नहीं है। यदि मन में लक्ष्य को लेकर समर्पण और निरंतर परिश्रम हो, तो हर मंज़िल को पाया जा सकता है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार के सहयोग और स्वयं की कठिन मेहनत को दिया। नेही की इस उपलब्धि से गुना जिले के युवाओं को नई प्रेरणा मिली है। विशेष रूप से छात्राओं में उत्साह का संचार हुआ है कि यदि लक्ष्य के प्रति निष्ठा और निरंतर प्रयास हो, तो किसी भी बड़े सपने को साकार किया जा सकता है।

### बमोरी पुलिस ने गोवंश से भरी पिकअप पकड़ी, तीन आरोपी दबोचे

**गुना।** जिले के बमोरी थाना पुलिस ने मोहर्रम ड्यूटी के दौरान मिली मुखबिर सूचना के आधार पर गौवंश से भरी एक पिकअप गाड़ी को पकडऩे में सफलता हासिल की है। वाहन में क्रूरता पूर्वक भरे गए सात नग गौवंश को बरामद करते हुए पुलिस ने तीन युवकों को चिन्हित कर उन्हें न्यायालय में पेश होने का नोटिस तामील कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत सुबह पुलिस मोहर्रम (ताजिया) ड्यूटी कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि तीन युवक एक सफेद पिकअप बुलेरो में गायों को भरकर काबर बमोरी से पाटन की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पाटन रोड की ओर रवाना हुए। घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अरविंद धाकड़ (28), सोनू धाकड़ (24) और चालक सुनील सहरिया (22), तीनों निवासी काबर बमोरी बताए। वाहन की जांच करने पर उसमें दो गायें, तीन बछड़े (बसिया) और दो बछड़े इस तरह ठूंस-ठूंसकर भरे मिले कि उनकी हालत दयनीय थी।

## गोपीकृष्ण सागर बांध फुल, छोड़ा जा रहा पानी, नदी तट से दूर रहने की दी चेतावनी

### शहर के भुजरिया तालाब और सिंहवासा तालाब में भी जल स्तर बढ़ा, तालाब हुआ फुल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में हो रही जोरदार बारिश से गोपीकृष्ण सागर बांध फुल हो चुका है। जिसके चलते इसके गेट खोले जा रहे हैं और लोगों को चोपन नदी के तट से दूर रहने की चेतावनी दी गई है।जिले में अब तक 354.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जो कुल सामान्य बारिश का करीब 34 प्रतिशत है। पिछले साल जिले में 258.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। यानी पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 96 मिमी अधिक बारिश हुई है। जिसका असर भी देखने को मिल रहा है। ताल तलैया भर गए हैं। लगभग सभी तालाबों में पानी आ गया। जीकेएस के साथ ही शहर का भुजरिया तालाब और सिंहवासा तालाब में भी जल स्तर बढ़ गया है। सिंहवासा तालाब भी फुल हो चुका है।अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01जून से 06 जुलाई को सुबह 8 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 619.3 मिमी, बमौरी में 541.0, आरोन में 304.0, राघौगढ़ में 314.0, चांचौड़ा में 282.0, कुम्भराज में 192.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 227.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। खोले जा रहे हैं जीकेएस के गेट गोपी कृष्ण सागर बांध के जल ग्रहण क्षेत्र में सतत रूप से जल की आवक लगातार बढ़ रही है। बांध का जलस्तर बनाये रखने के लिये बांध के गेट को खोला जा रहा है। सोमवार सुबह 7 बजे तक गेटों की स्थिति गेट क्रमांक 1-0.00 मी., गेट क्रमांक 20.30 मी. गेट नंबर 3- 0.20 मी., गेट नंबर 40.00 मी. गेट नंबर 5-0.00 मीटर है। इस प्रकार कुल 0.50 मी. गेट खोलकर लगभग 50.80 क्यूमेक जल को गेट क्रमांक 03 एवं गेट क्रमांक 02 से निष्कासित किया जा रहा है। लोगों को चोपन नदी के तट से दूर रहने की चेतावनी दी गई है।



गोपीसागर बांध



सिंगवासा तालाब

### आम नागरिकों को भी होती है आवागमन में हर रोज परेशानी

## नौनिहालों की राह में रोड़ा बनी मंडी रोड स्कूल जाने से पहले फंस जाते हैं जाम में

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नानाखेड़ी मंडी क्षेत्र जाम की समस्या से मुक्त होने का नाम ही नहीं ले रहा ।चाहे मंडी गेट के सामने एवी रोड हो या गेट के पीछे उमरी रोड का मामला हो । दोनों ही तरफ जाम लगना आम बात हो गई है ।ऐसे में शहर के एक बड़े हिस्से को आवागमन करने में अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस क्षेत्र को जाम से मुक्ति कब मिलेगी इसका जवाब किसी के पास नहीं है । समस्या उस समय और भी ज्यादा बढ़ जाती है जब सुबह के समय बच्चों को स्कूल पहुंचने में यह जाम बाधक बन जाता है। सोमवार को ऐसा ही नजारा देखने को मिला जब उमरी रोड पर मंडी गेट से आगे बीचों-बीच घाटी पर आधे घंटे से ज्यादा देर के लिए जाम लग गया जिसमें दो और चार पहिया वाहनों में सवार स्कूल के बच्चों को फंसा हुआ देखा गया।प्लेन सड़क पर अगर जाम लगा हो तब इतनी परेशानी नहीं होती लेकिन समझा जा सकता है की ढलान पर आधे घंटे से अधिक समय तक जाम में फंसे रहना कितना कष्ट कारक हुआ होगा। बच्चे और उनके अभिभावकों ने प्रशासन के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए समस्या का शीघ्र समाधान किए जाने की मांग की है ।यह समस्या इस रोड पर लगने वाली सब्जी मंडी के कारण उत्पन्न हुई है, मंडी में सब्जी खरीदने और बेचने आने वालों के छोटे बड़े वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिए जाते हैं और फिर वहीं पर खरीद फरोख्त के लिए भीड एकत्र हो जाती है। जिससे मार्ग प्रभावित होता है। यही समय बच्चों को स्कूल पहुंचने का होता है लेकिन जाम में फंस जाते हैं। यह आए दिन की बात हो गई है । हर रोज की होने वाली परेशानी से थे तंग आ चुके लोग कई बार प्रशासन को भी अवगत करा चुके हैं ।लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं किया गया ।कई बार उनके बच्चे स्कूल देर से पहुंच पाते हैं जिसके चलते स्कूल में प्रवेश नहीं होता और उनकी पढ़ाई का नुकसान हो जाता है ।कई बार दुर्घटना के हालात निर्मित हो जाते हैं ।एग्जाम देने जा रहे फंसे हुए बच्चे घबराहट और बेचैनी का शिकार हो जाते हैं। वही सुबह के समय अपने काम पर पहुंचने वाले कामकाजी लोग जाम में फंसकर लेट हो जाते हैं ।किसान और अन्य व्यापारी भी समय पर नहीं पहुंच पाए ।इस तरह से यह एक विकट समस्या प्रशासनिक अनदेखी के कारण उत्पन्न हो गई है । जिसे हल करने की मांग उठाई है। इसी तरह का जाम मंडी गेट के सामने एवी रोड पर भी आमतौर पर लग जाया करता है। यहां किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉली बीच रास्ते में फंसे जाते हैं जिससे आसपास की कॉलोनी से शहर की ओर आने जाने वाले नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

शादी विवाह के सीजन में यह जाम और भी ज्यादा विकराल हो जाता है ।और लंबे समय तक लगा रहता है ।शाम के समय यहां अक्सर जाम लगता ही है। बताया गया है प्रशासन द्वारा गल्ला मंडी को अन्यत्र स्थानांतरित करने के प्रयास शुरू कर दिए जो एक लंबी प्रक्रिया में इसमें बरसों लग जाएंगे लेकिन जब तक जाम की समस्या से निजात दिलाने का कोई ठोस उपाय नहीं किया जा रहा। जिससे लोगों को अकारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कभी जब शिकायत प्रशासन के कानों तक पहुंच जाती है तो यातायात पुलिस अथवा प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचकर व्यवस्था बनाने का प्रयास करते हुए नजर आते हैं ।लेकिन यह प्रयास प्रतिदिन होना चाहिए क्योंकि जाम तो आम हो गया है जो हर रोज ही लगता है।





## लगातार हो रही बारिश के चलता पंजाबी मोहल्ले में गिरा पुराना छज्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में लगातार हो रही बारिश ने एक बार फिर जर्जर और खतरनाक भवनों की पोल खोल दी है। सोमवार को एबी रोड के पीछे पंजाबी मोहल्ले में एक पुराने भवन का छज्जा और रेलिंग भरभराकर नीचे गिर गई। इस मार्ग पर कोचिंग संस्थानों के चलते स्कूली बच्चों और आम लोगों की आवाजाही बनी रहती है, गनीमत रही कि घटना के वक्त कोई वहां से नहीं गुजर रहा था, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय रहवासियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भवन की स्थिति पहले से ही काफी जर्जर थी। लगातार हो रही बारिश से कमजोर ढांचा और अधिक नमी के कारण अचानक गिर पड़ा। घटना के बाद क्षेत्र में हडक़ंप मच गया और लोग इधर-उधर दौडऩे लगे।-



## रुठियाई में घर के अंदर रखा ट्रैक्टर चोरी, पुलिस ने 6 घंटे में किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस की तत्परता से धरनावदा थाना क्षेत्र से चोरी गया ट्रेक्टर मात्र 6 घंटे में बरामद किया है। इस दौरान पुलिस की सघन सर्चिंग एवं दविश कार्यवाही को देख आरोपी ने ट्रेक्टर को जंगल में छोड़ भागे। प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 जुलाई 25 की शाम फरियादी पवन राय निवासी रुठियाई थाना धरनावदा के द्वारा रूठियाई चौकी पर पुलिस को रिपोर्ट करते हुए बताया था कि 5-6 जुलाई की दरम्यानी रात किसी अज्ञात के द्वारा द्वारा उसके घर से न्यू हॉलेण्ड ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 08- 0491 चोरी कर लिया है । जिसकी रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धरनावदा थाने में अपराध क्रमांक 157/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए धरनावदा थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी संभावित स्थानों पर ट्रेक्टर की खोजबीन प्रारंभ की गई । इस हेतु पुलिस की लगातार तलाशी एवं क्षेत्रीय सुरागों के आधार पर पुलिस ने ग्राम बोरखेड़ा एवं बमोरी बुजुर्ग के जंगल क्षेत्र में सघन सर्चिंग की गई। परिणाम स्वरूप कल रात्रि में ही सर्चिंग के दौरान पुलिस को चोरी हुआ ट्रेक्टर जंगल में लाबारिस स्थिति में खड़ा हुआ मिल गया। जिसे पुलिस की लगातार सर्चिंग एवं दविश कार्यवाही को देखते हुए अज्ञात व्यक्ति जंगल में छोड़ गया । इस प्रकार ट्रेक्टर चोरी के प्रकरण में पुलिस की तत्पर कार्यवाही से महज 6 घंटे के भीतर ही चोरी गया ट्रैक्टर बरामद कर लिया गया है । प्रकरण में पुलिस की विवेचना अभी जारी है । धरनावदा थाना पुलिस की इस उल्लेखनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे, सउनि सैय्यद साजिद हुसैन, प्रधान आरक्षक देवेन्द्रपाल सिंह सिकरवार, आरक्षक सत्येन्द्र गुर्जर, आरक्षक ऋषिकेश शर्मा, आरक्षक मोहर सिंह किरार, आरक्षक हरिओम शर्मा एवं आरक्षक सुंदर रमन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।




## बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम जागरूकता अभियान रैली का किया गया आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 7 से 20 जुलाई तक बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत 7 जुलाई को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भिक्षावृत्ति रोकथाम हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल गफ्फार द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो जिला कलेक्टर कार्यालय गुना से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होते हुए नगर पालिका गुना पर समाप्त हुई। रैली समापन पर डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री द्वारा बताया गया कि बाल भिक्षावृत्ति एक अपराध है, बाल अधिनियम 1960 की धारा 42 के अनुसार जो कोई भी किसी बच्चे को भिक्षावृत्ति के लिए प्रेरित करता है उसे 7 से 10 वर्ष तक की कैद एवं 5 लाख तक का जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग दिनेश कुमार चंदेल द्वारा बताया गया कि महिला बाल विकास विभाग, नगर पालिका, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग एवं जिला प्रशासन बाल भिक्षावृत्ति मुक्त गुना का संकल्प लेकर इस अभियान को आगे बढाएंगें एवं 20 जुलाई तक स्कूलों, बाल संस्थानों एवं भिक्षावृत्ति के चिंहित स्थानों पर विभिन्न गतिविधियॉ आयोजित की जावेगी। बाल भिक्षावृत्ति एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं की जानकारी चाईल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 पर सूचना देकर विभाग को अवगत करा सकते है।उक्त रैली में विशेष किशोर पुलिस इकाई से अनिल तौमर, शिक्षा विभाग से योगेश तिवारी, श्रम विभाग से अनिकेश धाकड एवं महिला बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी प्रदीप नारायण मिश्रा, दीपा शर्मा प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर गिरिजा जाटव सहित पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहीं।

### विकास खंड चाचौडा एवं आरोन में कृषकों व स्वसहायता समूह के सदस्यों को अश्वगंधा की कृषि पर आधारित प्रशिक्षण संपन्न

## अश्वगंधा के प्रयोग व आयुर्वेदिक योगों के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सोमवार को देवारण्य योजना के अंतर्गत म.प्र.राज्य औषधि पादप बोर्ड, भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ.के. एस. गनावे के मार्गदर्शन में विकास खंड चाचौडा एवं आरोन के कृषकों एवं स्वसहायता समूह के सदस्यों को एक जिला एक औषधीय पौधा योजना के अंतर्गत अश्वगंधा की खेती संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा अश्वगंधा की कृषि हेतु खेत तैयार करना ,पौध तैयार करना, बिजाई ,जैविक खाद प्रयोग,कीटनाशक प्रयोग , निंदाई-गुड़ाई ,सिंचाई फसल कटाई ,उपज भंडारण , प्रसंस्करण ,विपणन ,फसल चक्र ,रासायनिक संगठन उच्च गुणवत्ता तथा उपयोग आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। देवरण्य योजना अंतर्गत एक जिला एक औषधि पौधा अश्वगंधा के औषधीय गुणों की जानकारी, आयुर्वेदिक यूनानी औषधीयों में अश्वगंधा का प्रयोग तथा विभिन्न प्रकार के रोगों में अश्वगंधा के प्रयोग व आयुर्वेदिक योगों के बारे में जानकारी प्रदान की। तथा उन्हें औषधीय पौधे अश्वगंधा की आर्थिक संभावनाओं के बारे में अवगत कराया गया।डॉ.के एस. गनावे ने बताया कि देवारण्य योजना के अंतर्गत जिले मे अश्वगंधा को ₹एक जिला एक औषधि पौधा₹ के रूप में चयनित किया गया है, जिसके तहत जिलेभर में अश्वगंधा की खेती को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में औषधीय पौधों की खेती को प्रोत्साहित करना और स्थानीय समितियों को सशक्त बनाना है। विशेषज्ञों द्वारा यह भी बताया गया कि अश्वगंधा को मिरेकल प्लांट तथा इंडियन जिनसिंग भी कहते है।

जिसकी मांग घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेजी से बढ़ रही हैं। विकास खंड चाचौडा में डॉ पर्वत सिंह धाकड़, डॉ जयराम यादव, डॉ आकांक्षा गुप्ता, अजब सिंह लोधा द्वारा तथा विकास खंड आरोन में डॉ विजय कुमार वर्मा, डॉ अंकेश अग्रवाल, डॉ हुकुम सिंह धाकड़, शैलेंद्र श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित सभी सदस्यों को प्रशिक्षण किट एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



अदालत का फैसला

## दहेज मृत्यु के मामले में न्यायालय ने सुनाई 10 वर्ष के कठोर करावास की सजा

**गुना।** अपर लोक अभियोजक राकेश व्यास ने बताया कि दिनांक 28जून 2023 को 03:15 बजे मृतिका सुनीताबाई अहिरवार निवासी पालिका बाजार एनएफएल विजयपुर को फांसी लगने के कारण मृत अवस्था में शासकीय अस्पताल लाया गया मार्ग इंटीमेशन की सूचना जिला अस्पताल गुना द्वारा एक लेखीय तहरीर क्रमांक - 100 दिनांक 28 जून 2023 लाकर प्रस्तुत की गई और सूचना के आधार पर से अकाल मृत्यु एवं आकस्मिक मृत्यु के अनुसार धारा 174 दंड प्रक्रिया संहिता का मार्ग क्रमांक 116 / 23 लेख किया गया उक्त मार्ग को एसडीएम गुना को सूचनार्थ प्रेषित कर असल कायमी हेतु आरक्षी केंद्र विजयपुर भेजा गयाजो थाना विजयपुर के असल मर्ग क्रमांक 15 / 23 धारा 174 जा. फौ. पर दर्ज किया गया जिसकी जांच एसडीओपी राघौगढ़ जी डी शर्मा द्वारा की गई जांच में साक्षीगण रमेश मृतका की मां कमलाबाई मृतका की बहन के कथन लेख किए गए। साक्षीगण ने अपने कथनों में मृतिका सुनीता बाई के पति हेमराज अहिरवार ससुर मानसिंह अहिरवार सास संपत बाई अहिरवार देवर रितेश अहिरवार देवरानी पूनम अहिरवार एवं ननंद सुनीता अहिरवार के द्वारा दहेज की मांग को लेकर शादी के बाद से ही मारपीट करना शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना देना बताया गया इसी मारपीट एवं प्रताड़ना से तंग आकर मृतिका सुनीता बाई द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किया जाना बताया। संपूर्ण मर्ग जांच उपरांत एवं साक्षीगणों के कथन के आधार पर पाया गया कि मामला दहेज हत्या की श्रेणी का है जो धारा 304 बी, 306, 498 ए, भा द वि का घटित होना पाया गया अपराध विजयपुर थाना क्षेत्र का होने से आरोपीगण के विरुद्ध थाना विजयपुर के अपराध क्रमांक 117 / 23 धारा 304 बी, 306 ,498 ए, भा द वि की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई एवं अपराध का अनुसंधान प्रारंभ किया गया आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया अनुसंधान में मौका नक्शा , जप्ती एवं साक्षीगणों के कथन लेखबद्ध किए गए अपराध आरोपीगण के विरुद्ध सिद्ध पाए जाने पर अभियोग पत्र अधिनस्थ न्यायालय में प्रस्तुत किया गया प्रकरण सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय होने से प्रकरण को कमिट कर सत्र न्यायालय भेजा गया। जो अपर सत्र न्यायाधीश महोदय राघौगढ़ के सत्र प्रकरण क्रमांक 57 / 23 पर दर्ज किया गया। प्रकरण में आरोप पत्र विरचित कर प्रकरण का विचारण प्रारंभ किया गया प्रकरण के विचारण के दौरान अभियोजन ने प्रकरण के समर्थन में 14 साक्षीगण के कथन न्यायालय में लेखबद्ध करायें एवं 22 दस्तावेज न्यायालय में प्रदर्शित करायें अभियोजन न्यायालय में अभियोजन की कहानी के अनुरूप अपने प्रकरण को साक्षीगणों कथन एवं दस्तावेजी साक्ष्य के माध्यम से प्रमाणित करने में सफल रहा बचाव पक्ष एवं अभियोजन पक्ष के तर्कों को श्रवण करने के बाद न्यायालय ने आरोपीगण मानसिंह अहिरवार ,हेमराज अहिरवार एवं संपत बाई अहिरवार को दहेज के प्रतिषेध अधिनियम में दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष के सश्रम करवा एवं 6-6 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किए जाने की सजा सुनाई शासन की ओर से पैरवी राकेश व्यास अपर लोक अभियोजक द्वारा की गई।

मानस भवन समिति द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर्व 23 से 31 जुलाई तक मनाया जाएगा

# सामान्य ज्ञान, श्रीकृष्ण रासलीला तथा संस्कार शिविर का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मानस भवन निर्माण एवं संचालन समिति, गुना द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर्व दिनांक 23 से 31 जुलाई 2025 तक मनाया जा रहा है।समिति के मंत्री सुनील अग्रवाल ने बताया कि, दिनांक 24 जुलाई 2025 को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।इसका आयोजन तीन वर्गों में किया जा रहा है जूनियर वर्ग कक्षा - 8 तक रामचरितमानस आधारित, सीनियर वर्ग कक्षा - 9 से 12 तक रामचरितमानस एवं वाल्मीकि रामायण आधारित एवं वरिष्ठ वर्ग 18 वर्ष से अधिक आयु के लिए रामचरितमानस, वाल्मीकि रामायण, तुलसीदास कृत दोहावली,कवितावली व गीतावली आधारित होगी।प्रतियोगिता उक्त दिनांक को प्रातः 10:00 बजे मानस भवन के साथ सरस्वती शिशु मंदिर, वंदना कान्वेंट स्कूल,शांति पब्लिक स्कूल, क्राइस्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सी.एम. राइजिंग स्कूल, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2,मॉडर्न स्कूल,सोनाली पब्लिक स्कूल,भवन्स स्कूल, एस.एल. मेमोरियल स्कूल,नील वर्ल्ड स्कूल,सत्य साई स्कूल गेल, सेंट्रल स्कूल एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंट में एक साथ एक ही समय पर आयोजित की जाएगी ।स्कूलों में आयोजित प्रतियोगिता में उसी स्कूल के छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे



।अन्य स्कूलों के विद्यार्थी एवं नागरिक गण प्रतियोगिता प्रवेश के लिए मानस भवन गुना में कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:00 तक संपर्क कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं प्रवेश पत्र की अंतिम तिथि 21 जुलाई 2025 शाम 5:00 बजे तक रहेगी ।प्रतियोगिता के प्रभारी अनिल भार्गव ने जानकारी दी की, प्रतियोगिता के सभी वर्गों में तीन पुरस्कार दिए जाएंगे जिसमें प्रथम एवं द्वितीय विजेता प्रतियोगियों को उनके एक परिजन सहित अयोध्याधाम की यात्रा कराई जाएगी एवं इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे । इस अवसर पर दिनांक 23 से 27 जुलाई 2025 तक श्री कृष्ण रासलीला का मंचन प्रतिदिन सायंकाल 7:00 बजे से मानस भवन पर किया जाएगा, जिसे श्री बृज बल्लभ लीला संस्थान वृंदावन के संचालक आचार्य श्री तीरथ राम पचौरी के नेतृत्व में वृंदावन के कलाकारों द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव, नागनाथन, श्याम सगाई,माखन चोरी,ब्रज लीला,भीष्म प्रतिज्ञा, भगवान विष्णु के दशम अवतार की लीला के साथ नानी बाई का मायरा, ब्रज होली की लीला का सुंदर रूप मंचित किया जाएगा। दिनांक 25 जुलाई से 30 जुलाई तक 7 वर्ष से 15 वर्ष तक के बालक -बालिकाओं के लिए मानस संस्कार शिविर जिसमें रामचरितमानस, हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ आदर्श जीवन प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 28 जुलाई को संगीतमय सुंदरकांड प्रतियोगिता, 29 जुलाई को अंतर्विद्यालयीन रामलीला मंचन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रामचरितमानस के प्रसंगों पर नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की जाएगी एवं 30 जुलाई को अंतर्विद्यालयीन रामचरितमानस आधारित ₹ प्रश्न मंच₹ प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है !संतगोस्वामी तुलसीदास जयंती दिवस 31जुलाई 2025 को प्रातः 10:00 बजे श्री गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा का पूजन -अर्चन एवं सायंकाल 6:00 बजे जयंती समापन होगा जिसमें ₹युगदृष्टा तुलसी और चिंतन ₹ पर व्याख्यान के साथ गुना नगर के श्री राम जानकी मंदिरों के पुजारीयों एवं संतों का सम्मान व पुरस्कार वितरण होगा । मानस भवन समिति के उपाध्यक्ष निकलंक जैन, सहमंत्री दिनेश शर्मा एवं धार्मिक उत्सव उपसमिति के संयोजक व कोषाध्यक्ष प्रदीप तायल ने अनुरोध किया है कि श्री कृष्ण रासलीला एवं अन्य कार्यक्रमों में सपरिवार पधार कर कार्यक्रमों को भव्यता प्रदान करें ।

## ग्रीष्मकालीन फसल मूंग के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिये 4 उपार्जन केन्द्र गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार विपणन वर्ष 2025-26 में प्राईज सपोर्ट स्कीम योजनांतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग के समर्थन मूल्य रूपये 8682/- प्रति क्विटंल पर उपार्जन करने के लिये गुना जिले में 04 उपार्जन केन्द्र गठित किये गये हैं। जिसके अंतर्गत विकासखण्ड-राधौगढ़ में सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आवन तथा सेवा सहकारी समिति डोंगर मोतीपुर, विकासखण्ड बमोरी में सेवा सहकारी संस्था मर्यादित रामपुर कालोनी तथा विकासखण्ड गुना में सहकारी समिति मर्यादित पगारा को ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के उपार्जन के लिये अधीकृत किया गया हैं। ग्रीष्मकालीन मूंग का उपार्जन दिनांक 07 जुलाई 2025 से 08 अगस्त 2025 तक किये जाना हैं। सभी किसान भाईयो से अनुरोध है कि उक्त समितियों पर जाकर अपनी मूंग फसल की तुलाई करा सकते हैं।

## कृषि उपज मंडी समिति गुना की आय में हुई वृद्धि

**गुना।** कृषि उपज की अत्यधिक आवक के मद्देनजर रखते हुये अनुविभागीय अधिकारी गुना शिवानी पाण्डेय के मार्गदर्शन में मक्का एवं गेहूँ की नीलामी की अतिरिक्त व्यवस्था दशहरा मैदान में कराई गई जहाँ कृषकों एवं व्यापारियों की सुविधा के लिये प्रकाश एवं पेयजल की सम्पूर्ण व्यवस्था कराई गई जिसकी वजह से नानाखेडी.ऊमरी रोड पर लगने वाले जाम पर रोकथाम हुई एवं मण्डी प्रांगण एवं उपमण्डी प्रांगणों में कृषकों एवं व्यापारियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से पेयजल हेतु नलकूप, प्याऊ, छाया एवं विश्राम के लिये कृषक हट नीलामी शैड, प्रांगण में डामरीकरण एवं सीसी कार्य आदि निर्माण कराये गये जिसकी वजह से कृषि उपज मण्डी समिति गुना में कृषकों को कृषि उपज के उचित कीमत मिलने से गुना जिले के ही नहीं अपितू शिवपुरी, अशोकनगर एवं विदिशा जिले के भी कृषक अपनी कृषि उपज विक्रय के लिये आ रहे है। जिसके चलते मंडी में कृषि उपज की आवक एवं आय में अच्छी वृद्धि देखने को मिल रही है। गतवर्ष माह अप्रैल 2024 से जून 2024 तक कुल आवक 1595241 क्विंटल हुई थी जबकि इस वर्ष इसी अवधि में आवक में 46.87 प्रतिशत की वृद्धि होकर 2342888 क्विंटल कृषि उपज मंडी गुना में आई है। इसी प्रकार माह अप्रैल से जून 2024 में मंडी शुल्क से कुल आय 61579185/-रू. हुई थी जबकि इस वर्ष इसी अवधि में मंडी शुल्क से आय में 48.49 प्रतिशत की वृद्धि होकर आय 75573507/- रू. हुई है।

## मानसपुरम में हुआ गीता स्वाध्याय संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भगवान ने कहा कि मेरी माया के सब वशीभूत हैं जो मनुष्य मेरी माया के वश में न होकर उल्लंघन कर जाता है वह भवसागर से पार होकर तर जाता है।साधक परमात्मा को दूर से देखता है कर्मयोगी उसे समीप से देखता है। जबकि ज्ञानयोगी परमात्मा को अपनी आत्मा में ही अनुभव करता है उक्त विचार रामस्वरूप सेन ने बलवंत नगर अटल पार्क में मुन्ना लाल साहू के यजमानत्व में हुये गीताजी के अध्याय सात के तेरह से लेकर बाईसवे श्लोकों के सार में व्यक्त किए। गीताजी का पूजन मुन्ना लाल साहू ने किया स्वाध्याय पत्रक का वाचन रामस्वरूप सेन ने कराया। सुभाषित में केशव बैरागी ने कहा कि हमें असत्य से सत्य, अंधेरे से प्रकाश,की ओर चलना चाहिए यह सब हमारे हाथ में है। अमृत वचन मुन्ना लाल साहू ने सुनाया जबकि प्रेरक प्रसंग में महेन्द्र सोनी ने कहा कि मनुष्य को कर्म करना चाहिए जो मनुष्य कर्म करता है सफलता उसी के कदम चूमती है। गीता भजन भोले के मंदिर में ब्रह्मा जी आये संग में ब्रह्माणी को लाये दिन-रात करें वेदपाठ गाया। स्वाध्याय में वी एस मीना, मनोज भारद्वाज, मनोज किरार,मधु पाटकर, आशा राठौर,रिषिका सेन, अनीता शर्मा,कंचीबाई धाकड़, उमाशंकर भार्गव, सुमन लखेरा, राकेश लखेरा, लक्ष्मी मीना, गायत्री सेन सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। अगले स्वाध्याय के आयोजक उमाशंकर भार्गव रहें। आयोजक ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।



## क्रिकेट प्रतियोगिताः रात्रिकालीन ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ फाइनल मुकाबला

■ विजेता रहे फ्रेंड्स क्लब आरोन व उप विजेता रही इंस्पायरस क्लासेज 11 ■

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

स्व.राजाराम रघुवंशी की स्मृति में आयोजक अतुल रघुवंशी द्वारा आयोजित रात्रि कालीन ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय स्वर्गीय राजा बलभद्र सिंह स्टेडियम में किया जा रहा था। जिसमें सोमवार को फाइनल मुकाबले खेले गए ।

जिसमें विजेता रहे फ्रेंड्स क्लब आरोन एवं उप विजेता रही इंस्पायरस क्लासेज आयोजक ने बताया कि प्रतियोगिता में 32 टीमें भाग लिया ,जो कि आरोन ब्लॉक एवं आसपास के क्षेत्रों की रही।







जिसमें प्रथम इनाम पंद्रह हज़ार जो कि विशाल रघुवंशी (साड़र) युवा नेता कांग्रेस द्वारा प्रदान किया एवं दूसरा इनाम दस हज़ार रुपए रामू रघुवंशी देवमढ़ी द्वारा प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में सहयोगी रहे अभिलाष रघुवंशी,बलवीर यादव, डॉ युवराज शर्मा रामपुर,अंकित भार्गव, दिव्यांशु रघुवंशी मंडल (अध्यक्ष युवा मोर्चा),देवराज यादव रिजौदा (जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि), सादिक खान, सलमान चक्कदार,राम साहू,मिथुन शर्मा पत्रकार,शिवम्‌ भार्गव गुरु, मुन्नालाल हल्के पूजा डीजे, जीतू लोधी, प्रभात सोनी,हेमंत दुबे,नितेश चोपना, गुलशन मीना, विकास शर्मा बरखेड़ा, अंकित शर्मा, रानू घटवदा, अंकित सुमन, शिवम शर्मा, कृष्णा शाक्य, गौरव शर्मा पत्रकार, गोविंद दुबे,नितेश रघुवंशी आदि।

## महाकाल कांवड़ यात्रा 17 को उज्जैन से प्रारंभ होकर अशोकनगर आएगी: आचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

अंतर्राष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू की अध्यक्षता में आज बैठक रखी गई। जुलाई श्रावण मास के प्रारंभ में उज्जैन से अशोकनगर तक आचार्य देवमुरारी बापू की अगवाई में विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन होने जा रहा है इसके उपलक्ष्य में आज अशोकनगर में व्यापक तैयारी हेतु बैठक की गई।

कावड़ यात्रा 100 से अधिक कांवरिया मौजूद रहेंगे रास्ते में यात्रा के दौरान जगह रूकने एवं अनेक प्रकार की व्यवस्थाओं का ध्यान रखा गया है। कावड़ यात्रा उज्जैन से चलकर अशोकनगर राजराजेश्वर मंदिर 17 जुलाई को पहुंचेगी और वहां पर विधिवत पूजन के द्वारा जल चढ़ाया जाएगा। अध्यक्षता देवछमुरारी बापू की रहेगी जिसमें प्रमुख रूप से अमित शर्मा, महेश रघुवंशी, सोनू रघुवंशी, रजत रघुवंशी, बबलू जाट, कलु रघुवंशी, सोनू रघुवंशी, मोंटू रघुवंशी, सुनील शमार्, आयुष रघुवंशी, राहुल रघुवंशी, कान्हा रघुवंशी, संजीव रघुवंशी, आयुष रघुवंशी, मोहन सिंह रघुवंशी, विकास रघुवंशी, बबलू शमा, रविंद्र, निलेश,गौरव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।



## मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का जिला स्तरीय आयोजन 1 अगस्त को

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश पर्यटन एवं संवर्धन उद्देश्य को लेकर के वर्ष 2016 से प्रति वर्ष मध्य प्रदेश की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिससे मध्य प्रदेश के उन स्थानों को भी सार्वजनिक तौर पर प्रचारित किया जा सके जहां तक अभी जनमानस को जानकारी नहीं है मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का जिला स्तरीय आयोजन 01 अगस्त को प्रस्तावित है। जिले में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शासकीय/अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत बालक/बालिकाओं के द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल ने पंजीयन हेतु लिंक दी है जिसके माध्यम से पंजीयन किया जा सकेगा। जिसमें समस्त शासकीय एवं अशासकीय मध्यप्रदेश बोर्ड सीबीएसई बोर्ड केंद्रीय विद्यालय नवोदय विद्यालय आदि के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी सहभागिता कर सकेंगे। जिसके लिए विद्यालय स्तर से 3-3 विद्यार्थियों का दल बन जाएगा और उन्हें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना सुनिश्चित करना होगा। विद्यालय स्तर पर तीन-तीन विद्यार्थियों को चयनित कर रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए जिला स्तर पर 1 अगस्त को चयनित कार्यक्रम स्थल पर प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न की जायेगी। प्रथम चरण पर लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें लगभग 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रश्न होंगे। जो मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थल, संस्कृति, मध्यप्रदेश का इतिहास, राष्ट्रीय उद्यान अभ्यारण, वन्य जीव संरक्षण एवं संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण आदि से संबंधित बहुविकल्पीय रिक्त स्थान एक शब्द में उत्तर आदि पर आधारित होंगे। लिखित परीक्षा में प्रथम 6 टीमों का चयन किया जाएगा।

## बच्चों के देखभाल व संरक्षण के उद्देश्य से फोस्टर केयर योजना संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

पालक देखभाल एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें परिवार के घरेलू वातावरण में वैकल्पिक देखभाल के उद्देश्य से बच्चे को आमतौर पर अल्पअवधि अथवा दीर्घावधि के लिए देखभाल और संरक्षण के उद्देश्य से असंबंधित परिवार के सदस्यों के साथ रखा जाता है। किसी बच्चे को फोस्टर केयर में रखते समय उन परिवारों का वरीयता दी जावेगी जिनके सांस्कृतिक जनजातीय और/या सामुदायिक संबंध समान होते हैं।

6-18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चे जो 02 वर्ष से अधिक समय से बाल देखभाल संस्थाओं में रह रहे हैं और संस्था में तैयार उनकी व्यक्तिगत देखभाल योजना के आधार पर फोस्टर केयर में रखा जा सकता है। ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता गंभीर रूप से बीमार हैं और जिन्होंने अपने बच्चे की देखभाल करने में बाल कल्याण समिति के समक्ष असमर्थता जाहिर की है। देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद बच्चे, जैसे बेघर, एचआईवी/एड्स से प्रभावित बच्चे, विकलांग बच्चे, बाल भिक्षुक या सड़क पर रहने वाले बच्चे, प्रताड़ना या शोषण के शिकार बच्चे।

### बच्चों को रखने हेतु परिवार की पात्रता

जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा उपरोक्त श्रेणी के बच्चों को रखने हेतु इच्छुक परिवारों का चयन करने के लिए उनकी आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन किया जावेगा। ऐसे परिवार का चयन किया जावेगा, जो कि बच्चे को रखने हेतु शासकीय अनुरक्षण सहायता पर निर्भर नहीं होगा। बच्चे को रखने हेतु इच्छुक परिवारों की बच्चे के साथ परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया जायेगा एवं फोस्टर केयर में बच्चे को तभी रखा जावेगा।



## श्री गोपाल नंदिनी गौशाला बरखेड़ी में 25 फलदार व छायादार पौधों का रोपण

**अशोकनगर।** श्री गोपाल नंदिनी गौशाला बरखेड़ी में किया गया 25 फलदार व छायादार वृक्षों का रोपण करुण निधि सेवा समिति ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गौशाला बरखेड़ी में पौधा रोपण किया गया पर्यावरण संरक्षण के लिए है पोधा रोपण किया गया। इसमें 25 छायादार वा फलदार पौधे लगाए गए। जिसका रखरखाव गोपाल नंदिनी गौशाला करेगी पौधारोपण के बाद पेड़ों की महत्व के बारे में करुणा निधि सेवा समिति के अध्यक्ष माधव सिंह करैया ने पेड़ों के बारे में जानकारी दी सभी को फल हमें ऑक्सीजन छाया फल लकड़ी पानी से भूमि कटाव को रोकना और जड़ी बूटियां भी देता है इमारती लकड़ी पेड़ नहीं तो जीवन नहीं है एक नारा नहीं सत्य है फिर हमारा जन्म से लेकर मृत्यु तक साथ देता है कहा भी है कि जीते लकड़ी मरते लकड़ी अजब तमाशा लकड़ी का रोपाए गए पौधों को संरक्षण के लिए ट्रीगाड बगाड या जाली लगाना एवं नियमित खाद पानी देना आवश्यक है कम से कम एक वर्ष तक इस मौके पर करना निधि समिति के अध्यक्ष माधव सिंह करैया कोसा अध्यक्ष पारस चंद्र जैन सचिव रामबली सिंह दंगोरा सरपंच मेहरबान सिंह पटेल बरखेड़ी प्रदीप शर्मा कमल सिंह रघुवंशी अशोक सिंह बमुरिया मानक चंद जैन अमर सिंह पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत अशोक नगर।

## कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित आमसभा कार्यक्रम को लेकर ब्रीफिंग आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

8 जुलाई को कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित आमसभा कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुये कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक अशोकनगर विनीत कुमार जैन द्वारा आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की कानून व्यवस्था ड्यूटी के संबंध में ब्रीफिंग की गई एवं उप पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर रेंज ग्वालियर अमित सांघी, उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री विनीत कुमार जैन द्वारा पुलिस बल के साथ कार्यक्रम स्थल पुरानी मण्डी अशोकनगर का भ्रमण कर जायजा लिया गया एवं ब्रीफिंग कर आवश्यक निर्देश दिये गये।

### रिजर्व बल रखने के निर्देश दिए गए

उप पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर रेंज ग्वालियर अमित सांघी एवं उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक अशोकनगर विनीत कुमार जैन ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने डियूटी स्थल पर समन्वय बनाकर मुस्तैदी से ड्यूटी करें एवं किसी भी सूचना/घटना की त्वरित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। ब्रीफिंग एवं कार्यक्रम स्थल भ्रमण के दौरान उप पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर रेंज ग्वालियर अमित सांघी, उप पुलिस महानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक अशोकनगर विनीत कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, एसडीओपी चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा, रक्षित निरीक्षक शिवमंगल सिंह, जिले के समस्त थाना प्रभारीगण, डियूटी में लगे अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बिंदु

- सघन निगरानी: कार्यक्रम स्थल, आस-पास के क्षेत्रों एवं मार्गों पर विशेष निगरानी रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए।
- ड्रोन एवं वीडियोग्राफी व्यवस्था: पूरे कार्यक्रम की ड्रोन एवं वीडियोग्राफी से निगरानी सुनिश्चित की जाए।
- यातायात व्यवस्था उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिए सुचारु यातायात संचालन के निर्देश दिए।
- शांति बनाए रखना की अपील: उपरोक्त कार्यक्रम में शामिल होने आये लोगों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते हुए, शांति बनाए रखने की अपील की जाए।
- रिजर्व बल की तैयारी: आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु पर्याप्त संख्या में

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमाखेड़ी निवासी धर्मेन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र और भरोसीलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया काछी निवासी नरेश सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रकाश,राजीव और धमेन्द्र कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजीव कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामदयाल सेन, नरेश, भानू सेन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मढ़ी महिदपुर निवासी संतोष कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेश और सतेन्द्र कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रांवसर जागीर निवासी लक्ष्मीनारायण जोगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दुर्गाप्रसाद, लालाराम और रिंकू जोगी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भेड़का निवासी सपना अरिहवार ने रिपोर्ट दर्ज



## युवाओं का जत्था बाइक से अमरनाथ यात्रा को रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭नईसराय

भारत के पवित्र तीर्थ स्थल कश्मीर की वादियो में विराजित बर्फानी बाबा की यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ हो गई है भक्तों में उत्साह है और बर्फानी बाबा के दर्शनों के लिए भक्त लालायित हो रहे हैं और जगह-जगह भंडारे लंगर लगे हुए हैं । नईसराय से कुछ भक्त लगभग 23 वर्षों से बर्फानी बाबा की यात्रा करते चले आ रहे हैं कुछ वक्त मोटरसाइकिल से भी यात्रा करते आ रहे हैं एक बार फिर मोटरसाइकिल से सोमवार सुबह 10 बजे 8 सदस्यीय जत्था अमरनाथ के लिए रवाना हुआ।

अमरनाथ यात्रियों को बस स्टैंड नई सराय से फूल माला पहनाकर विदा किया बस स्टैंड बर्फानी बाबा के नारों से गूंज रहा था इस जत्थे में कुछ वक्त मोटरसाइकिल से 4 वर्षों से यात्रा कर रहे हैं नईसराय से अमरनाथ के लिए रवाना हुए जत्थे में श्रवण ओझा,हरिओम भार्गव, बृजमोहन ओझा, विवेक सेन, रामकुमार ओझा, दीपक रघुवंशी, नितिन रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, गोविंद मीना शामिल है सभी भक्त अमरनाथ यात्रा के साथ वैष्णो देवी माता के दर्शन भी करेंगे भगवान शिव के परम दिव्य धाम अमरनाथ की यात्रा जारी है भक्तों श्रद्धालुओं का जत्था उस ओर बढ़ चला है और यहां के हिमालय के बर्फीले रास्तों और घाटियों से गुजरा हुआ यहां का यात्रामार्ग जय बाबा बर्फानी के जयकारों से गूंजता है।

## खबर संक्षेप

### 15 स्व सहायता समूहों को हटाये जाने संबंधी की गई कार्रवाई

**अशोकनगर।** पीएम पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत अशोकनगर अनुभाग स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में लिये गए निर्णय अनुसार 15 आंगनवाडी केन्द्रों में संबधित स्व सहायता समूहों द्वारा समय पर नाश्ता एवं मीनू अनुसार भोजन वितरण न करने पर हटाये जाने की कार्यवाही की गई। साथ ही नवीन स्व सहायता समूह को सांझा चूल्हा के तहत संलग्न किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंगनवाडी केन्द्र रसूलपुर में भगत स्व सहायता समूह, सावन में शारदा स्व सहायता समूह, भुगावली में महालक्ष्मी स्व सहायता समूह, खिरिया में महालक्ष्मी स्व सहायता समूह,राजपुर में लक्ष्मी स्व सहायता समूह,लिधौरा में सीता स्व सहायता समूह,छीपोन में श्रृद्धा स्व सहायता समूह,तमोईया चक्क में दुर्गा स्व सहायता समूह,सेपरा में बैजयन्ती स्व सहायता समूह,सागर चक्क में गांधी स्व सहायता समूह,मोहरी राय में दुर्गा स्व सहायता समूह,सेमरा पहाड में गांधी स्व सहायता समूह,कुंदौरा सुभाष स्व सहायता समूह,आमखेडा सूखा में बजरंग स्व सहायता समूह तथा रातीखेडा में निहाल देवी स्व सहायता समूह को हटाया गया है।

### युवक की संदिग्ध मौत

**अशोकनगर।** ग्राम ककरूआ दांगी निवासी गोपाल पुत्र गुटटा अहिरवार उम्र 38 साल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत इस गांव में 3 दिन पहले विवाद होना बताया गया है। मृतक के भांजे सत्या का कहना है कि गांव के ही बबलू और उसकी पत्नी से बिजली के खम्बे पर डोरी डालने को लेकर 3 दिन पहले विवाद हुआ था। उनके बीच गांव के चैकीदार द्वारा राजीनामा भी कराया गया था। परिवार जनों का आरोप है कि राजीनामे के बाद बबलू और उषा ने गोपाल को शराब में जहर मिलाकर पिला दिया। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया जहां पर उसकी मौत हो गई।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर,युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी-मुंगावली रोड़ पर सेहराई थाने के अंतर्गत विशन नाला के किनारे अज्ञात वाहन चालक ने एक बाईक में टक्कर मार दी। इस घटना को लेकर बृजभान अहिरवार ने सहराई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है घटना में घायल सुल्तान अहिरवार उम्र 50 साल को अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया जहां पर उसकी मौंत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### ईसागढ़ नगर में बिजली विभाग की लापरवाही

**ईसागढ।**.ईसागढ़ नगर में बिजली विभाग की लापरवाही से ताजियों पर नगर में 21 घंटे की बिजली कटौती करने से नगर की पेयजल समस्या से लेकर नगर वासी मच्छरों का संकट से परेशान होते देखे गए। नगर के कई लोग बीमारी का शिकार होकर अस्पतालों में पहुंचे। रविवार को रात्रि 2:00 बजे से नगर में विद्युत बंद कर दिया गया। सोमवार को सुबह 10:00 बजे जाकर बिजली चालू की गई जिससे नगर की पेयजल समस्या का सामना नागरिकों को करना पड़ा। इसी तरह सोमवार को दोपहर 3:00 बजे से बिजली बंद कर दी गई। जिससे भीषण गर्मी में उमस के कारण नगर के नागरिक तड़पते देखे गए। दोपहर 3:00 बजे से बंद की गई लाइट 8:00 बजे चालू की गई। इस कारण पूरी रात नागरिक सो नहीं सके वही बच्चे बूढ़े जवान रात भर मच्छरों से पुरी रात परेशान रहे। जब इस संबंध में बिजली विभाग के के अनिरुद्ध यादव से बात करने के लिए फोन लगाया तो उन्होंने दो दिन तक फोन रिसीव नहीं किया। नगर में हर वर्ष ताजिए निकलते हैं हर वर्ष इतनी कटौती कभी नहीं की गई। ईसागढ़ में कार्यरत यादव जूनियर इंजीनियर कभी भी फोन अटेंड नहीं करते। कोई भी इस संबंध में जानकारी चाहे तो फोन बंद कर देते ह। घोषित कटौती की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग नगर के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा उच्च अधिकारियों से की गई है पिछले 40 वर्षों में ताजियों पर इस तरह से विद्युत कटौती कभी नहीं की गई। विद्युत विभाग की इस तरह की तानाशाही से नागरिकों में भारी गुस्सा व्याप्त है।

## आज शाढ़ौरा में मुनिश्री की जैन समाज भक्ति भाव से करेगा अगवानी

# मुनिश्री सुधासागर महाराज बरखेड़ा से 5 किमी आगे झीला पहुंचे, नाव से सिंध नदी की पार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

जैन दर्शन के अध्यात्मिक संत मुनिवर सुधासागर जी महाराज का विहार अशोकनगर की ओर चल रहा है जब मुनिश्री बरखेड़ा गांव की ओर जा रहे थे लेकिन वह झीला गांव के रास्ते की ओर चल रहे जैन श्रद्धालुओं के दल के साथ जब आगे बढ़ गये तब अन्य कोई रास्ता नहीं होने के कारण मुनिश्री को नदी से उस पार जाने के लिए एसडीआरएफ की नाव को बुलाया गया। जिससे मुनिश्री ने ससंघ सिंध नदी को पार किया।

वैसे तो जैन संत कभी इस तरह की नाव आदि का सहारा नहीं लेते लेकिन विषम परिस्थितियों में उन्हें नाव का सहारा लेना पड़ा। मुनिश्री का पैदल विहार राघौगढ़ से बजरंगगढ़ होते हुए शाढौरा की ओर हो रहा है। रात्रि विश्राम के बाद मुनिश्री को बरखेड़ा गांव की ओर जाना था इस गांव में आहार के लिए चैके की व्यवस्था भी की गई थी लेकिन साथ में चल रहे श्रद्धालु ठीक तरह से रास्ता पता नहीं होने के कारण उन्हें झीला गांव की ओर ले गये। जब 5 किलोमीटर आगे उनका विहार हो गया तब गांव के लोगों ने बताया कि यहां आगे जाने का कोई रास्ता नहीं है और नदी को पार करके ही उस पार जाया जा सकता है। तब पहले तो प्रयास किए गये कि नदी की धार से निकलकर उस पार जाया जाए। लेकिन सिंध नदी में पानी की धार तेज होने को लेकर ग्रामीणों ने कहा कि वैसे तो यहां 2 से 3 फीट ही पानी रहता है। लेकिन अभी यहां पानी 5 से 7 फीट के बीच में है। जब नदी चढ़ती है तब 5 से 6 घण्टे के बीच ही उतरती है। क्योंकि सिंध नदी में आस-पास की छोटी नदियां समाहित हो जाती हैं। ऐसी विषम परिस्थिति में नदी को पार करने के लिए एसडीआरएफ की मदद ली गई और एसडीआरएफ की टीम बोट के साथ उक्त स्थल पर पहुंची। जिसके बाद मुनिश्री को नाव से झीला गांव में पहुंचाया गया जहां मुनिश्री की आहार चर्या हुई। उसके बाद मुनिश्री दोपहर बाद शाढ़ौरा की ओर प्रस्थान कर गये। रात्रि विश्राम विजयपुरा गांव में है। मंगलवार की सुबह 9:00 बजे शाढ़ौरा में मुनिश्री की जैन समाज भक्ति भाव से अगवानी करेगा।

### जिले में सिंध और बेतवा दो बड़ी नदियां

अशोकनगर जिले में अगर नदियों की बात करें तो दो बड़ी नदियां सिंध और बेतवा अशोकनगर जिले की सीमा पर बहती हैं। सिंध नदी अशोकनगर,गुना और शिवपुरी के बीच होकर बहती है। नदी के उस पार शिवपुरी और गुना है और इस पार अशोकनगर जिला है। इसी प्रकार बेतवा नदी के किनारे पड़ौसी जिला सागर विदिशा और उत्तरप्रदेश का ललितपुर जिला है। बेतवा नदी इन जिलों की सीमारेखा है। अशोकनगर जिला उत्तरप्रदेश,राजस्थान और मध्यप्रदेश को आपस में जोड़ने वाला जिला है जितने भी तीर्थयात्री उत्तरप्रदेश से आते हैं और उन्हें राजस्थान और मध्यप्रदेश के मालवा अंचल में जाना हो तो उन्हें अशोकनगर होकर ही जाना पड़ता है और इसी प्रकार राजस्थान और मालवा अंचल से आने वाले तीर्थयात्रियों को यदि उत्तरप्रदेश की ओर जाना हो तब उन्हें अशोकनगर जिले से होकर ही जाना पड़ता है। अशोकनगर जिला मालवा,राजस्थान और उत्तरप्रदेश का संगम स्थल है। इस कारण यहां पूरे वर्षभर यात्रियों का आवागमन तो होता ही है साथ में जैन संतो का विहार भी एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में जाने के लिए इन्ही रास्तों से होता है। इस कारण यह रास्ता हमेशा जैन तीर्थ यात्रा करना हो या फिर साधुओं का विहार हो तब प्रमुखता से अशोकनगर जिला अपना स्थान रखता है।

#### आचार्य श्री भी बेतवा नदी को नाव से पार कर चुके हैं

आचार्य गुरूवर विद्यासागर जी महाराज को जब उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले के देवगढ़ से अशोकनगर जिले के मुंगावली के लिए आना था। तब उनका रास्ता बेतवा नदी ने रोक लिया था बेतवा नदी में जल प्रवाह तेज होने के कारण मुंगावली तक पहुंचने के लिए समीप में अन्य कोई रास्ता नहीं था तब आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने संसघ नाव से नदी पार की थी। इस तरह का दृश्य हमें प्रभु श्रीराम को जब वनवास हुआ था तब उन्हें निशादराज ने नांव में गंगा पार कराई थी।

# न्याय सत्याग्रह सभा में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे

### पुरानी कृषि उपज गल्ला मंडी में जयवर्धनसिंह पहुंचे, तैयारियों का जायजा लिया



**अशोकनगर।** कॉग्रेस की न्याय सत्याग्रह सभा का आयोजन आज पुरानी कृषि उपज मण्डी में होगा। इस न्याय सत्याग्रह आंदोलन में भाग लेने के लिए प्रदेश कॉग्रेस के सभी बड़े नेता शामिल होगें इसकी तैयारियों को लेकर राघौगढ़ के कॉग्रेस विधायक और पूर्व नगरीय निकाय मंत्री जयवर्धनसिंह ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर कॉग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा की और बाद में पत्रकारों से भी बातचीत की।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि जब भाजपा का नेता गजराज लोधी को मल खिलाने का प्रयास करता है, जनसुनवाई में दो-दो बार अपनी बात कहने जाता है जब उसे न्याय नहीं मिल पाता तब वह कॉग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात करके अपनी बात रखता है तब उक्त पीड़ति की बात जीतू पटवारी द्वारा सुनी जाती है और उल्टे जीतू पटवारी पर मामला दर्ज कर लिया जाता है। जब एक व्यक्ति को मल खिलाया जाता है तब आरोपी पर एफआईआर नहीं होती । जब पीड़ति पक्ष की आवाज उठाई जाती है तब उस पर मामला दर्ज कर लिया जाता है। यह पहली एफआईआर नहीं है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश कॉग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर मामला दर्ज किया गया है। त बवह स्वयं अपनी गिरफ्तारी देने के लिए अशोकनगर आ रहे हैं। हम सभी उनके साथ गिरफ्तारी देगें। उन्होंने कहा कि चन्देरी के पूर्व कॉग्रेस विधायक गोपाल सिंह चैहान पर भी अनेक प्रकार से दबाव बनाया जा रहा है। पूरा प्रशासन उनके घर पहुंच गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के सभी बड़े नेता इस न्याय सत्याग्रह सभा में भाग लेने आ रहे हैं। उसमें पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, उमेश सिंघार, प्रदेश संगठन प्रभारी हरीश चैधरी, कॉग्रेस के सभी विधायक और आस-पास के सभी जिलों से कॉग्रेस जन अपनी गिरफ्तारी देने यहां पर पहुंचेगें। उन्होंने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन के लिए जो पुरानी कृषि उपज मंडी में स्थान दिया गया है उसके सारे दरवाजे बंद कर दिए गये हैं। अशोकनगर आने वाले रास्तों पर बैरिकेट लगा दिये हैं। जो पाप करते हैं वहीं डरते हैं अशोकनगर प्रशासन सत्ता पक्ष की दबाव में पापियों का सहयोग कर रहा है। हमारी यह सभा एतिहासिक होने वाली है। इस सभा में हम गजराज लोधी के साथ क्या हुआ यह बात रखेगें। हमारा आरोपी है कि प्रशासन भाजपा नेताओं के दबाव में कार्य कर रहा है। हमारा संघर्ष जब तक जारी रहेगा जब तक पीड़ित पक्ष को न्याय नहीं मिल जाता।




### भाजपा जिला अध्यक्ष ने सांसद, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**प्राणपुर स्थित दुर्गम घाटी के सड़क मार्ग को सुधारने अथवा वैकल्पिक मार्ग बनवाने की मांग।**

**अशोकनगर।** भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर प्राणपुर स्थित दुर्गम घाटी के सड़क मार्ग को सुधरवाने अथवा वैकल्पिक मार्ग बनवाए जाने की मांग की है। जिला अध्यक्ष तिवारी ने पत्र में लिखा है कि चन्देरी विधानसभा में अंतर्राज्यीय मार्ग पर प्राणपुर की दुर्गम घाटी स्थित है, जो कि मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश को जोड़ती है। यह घाटी बहुत ही दुर्गम है। उक्त घाटी से वाहनों के आवागमन में काफी दिक्कत होती है। उक्त घाटी पर प्रतिदिन छोटे-बड़े वाहन दुर्घटना ग्रस्त और पलटते रहते हैं। जिस कारण से जान-माल की हानी भी होती है। उन्होंने उक्त घाटी के मार्ग का चैड़ीकरण व सुधार किए जाने अथवा नया कोई वैकल्पिक मार्ग का निर्माण करवाए जाने का आग्रह किया है, जिससे वाहनों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो सके और प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं में रोक लग सके।

# कोटवारों ने दिया ग्यारह सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिपरई

कस्बे की तहसील में कोटवारों ने ग्यारह सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री के नाम से सौंपा जिसमें उनकी प्रमुख्य मांगे मध्यप्रदेश के अड़तीस हजार कोटवारों को नियमित किया जाए।कोटवार पंचायत 2007 की घोषणा अनुसार मध्यप्रदेश के सभी 3800 कोटवारों को पात्रता परीक्षण के सेवा मालगुजार भूमि का स्वामित्व प्रदान किया जावे। ओर कोटवार अधिगृहित जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर रखा हे उसे अतिक्रमण मुक्त कराई जाए।

न्यायलय के आदेश बर्दी क्रय संबधी आदेश निरस्त कर पूर्व की तरह बर्दी की राशि कोटवारों के खाते के माध्यम से भुगतान की जावे।शहरी एवं नगरीय क्षेत्र में तथा एक ग्राम में एक से अधिक कोटवार होने की स्थिति में कोटवार पद समाप्त करने सम्बन्धी असंवैधानिक आदेश निरस्त किया जाए।कोटवार नियुक्ति में कोटवार परिवार के सदस्य को ही बिना ग्राम पंचायत प्रस्ताव के पटवारी प्रतिवेदन एवं थाना प्रभारी चरित्र प्रमाण पत्र आधार पर कोटवार नियुक्ति में प्रथम वरीयता संबधी आदेश किया जाय।

कोटवार नियुक्ति में ग्राम पंचायत ठहराव लेने का आदेश निरस्त किया जाय राजनीतिक द्वेष चुनावी रंजिश के कारण ग्राम कोटवार को सरपंच सचिव बगैरह जो प्रति पांच वर्ष में बदलते रहते एवं ग्राम के प्रभावशाली लोगों द्वारा आकरण परेशान किया जाता हे जबकि कोटवार राजस्व विभाग का कर्मचारी हे।इसी स्थिति में कोटवार के आवेदन पर तहसीलदार को ग्राम कोटवार को तहसील कार्यकालय में संलग्न कर शासकीय कार्य करने का अधिकार दिया जाए। अन्य कर्मचारियों की तरह कोटवार की सेवा। काल में मृत्यु होने पर दस लाख रुपए की राशि अनुग्रह सहायता एंव कोटवार परिवार के सदस्य को अनिवार्य रूप से चतुर्थ श्रेणी पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी जावे। प्रदेश के सभी कोटवारों को सीयूजी सिम शासन बैलेंस सहित देने के शासन के आदेश के बावजूद आज दिनांक तक आदेश का पालन नहीं हुआ।पालन कराया जाए। जिनमें तहसील अध्यक्ष कृष्णकुमार, उपाध्यक्ष प्रकाश जिला अध्यक्ष हिराजू यादव, सहित अन्य कोटवार उपस्थित रहे।

### आकाशीय बिजली/वज्रपात आपदाओं से बचाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश

**अशोकनगर।** वर्षा ऋतु के आगमन पर आकाशीय बिजली/वज्रपात जैसे प्राकृतिक आपदाओं की प्रायः अधिकता परिलक्षित होती है। इस हेतु आवश्यक है कि वज्रपात के जानलेवा जोखिम को दृष्टिगत रखते हुए जन समुदाय में वज्रपात से बचाव एवं यथोचित व्यवहारों के पालन हेतु जागरूकता लाई जाए। बिजली-तूफान में अनुकरणीय व्यवहारों के पालन से जान के जोखिम को काफी कम किया जा सकता है।

# कानून व्यवस्था बनाये रखने धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला अशोकनगर आदित्य सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये कलेक्टर कार्यालय परिसर में जनसामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत कलेक्टर कार्यालय परिसर में किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन, रैली, जुलूस आदि का आयोजन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर कार्यालय परिसर अशोकनगर में ऐसे जनसमूह प्रतिबंधित होंगे,जो एकत्रित होकर यातायात बाधित कर आवागमन प्रभावित कर कानून व्यवस्था एवं लोक शांति भंग करते है। राजनैतिक,सामाजिक एवं अन्य घटनाओं के विरोध में आयोजनकर्ता उक्त परिसर में ज्ञापन देने हेतु प्रवेश चाहते हैं तो इसकी लिखित सूचना अपर कलेक्टर जिला अशोकनगर को देंगें और उसकी प्रति पुलिस अधीक्षक अशोकनगर, एस.डी.एम. अशोकनगर, एस.डी.ओ.पी. एवं थाना प्रभारी थाना कोतवाली को देंगे। लिखित सूचना और अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही कलेक्टर कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार पर ज्ञापन दिया जा सकेगा। अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही अपनी मांगो या समस्याओं के संबंध में अधिकतम 4 व्यक्तियों का समूह प्रवेश कर सकेगा। कलेक्टर कार्यालय परिसर में अस्त्र-शस्त्र का धारण एवं उसका प्रदर्शन तथा अन्य बोथरे हथियार जैसे लाठी, डंडा इत्यादि, धारदार हथियार जैसे तलवार, भाला आदि लेकर चलना भी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर कार्यालय परिसर में ज्वलनशील पदार्थों (मिट्टी का तेल, पेट्रोल/डीजल, तेजाब इत्यादि) को लेकर चलना तथा उनका उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बगैर सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के नहीं करेगा। रैली/जुलूस धरना इत्यादि में प्रयोग किये जाने वाले झण्डा/बैनर में बांस की लकड़ी, डण्डे, लोहे की छड़ आदि का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।कलेक्टर कार्यालय परिसर में कोई व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह ऐसा कार्य नहीं करेगा या भाषण आदि नहीं देगा जिससे किसी भी प्रकार की सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने,लोंगों व समुदाय के मध्य घृणा, वैमनस्यता पैदा होती हो। उपरोक्त प्रतिबंधो के होते हुए भी विशेष परिस्थितियों में जिला प्रशासन द्वारा उपरोक्त के संबंध में छूट/शिथिलता संबंधी निर्णय प्रकरण विशेष में लिया जा सकेगा।यदि कोई व्यक्ति /संगठन/संस्था/समूह इस आदेश अथवा इस आदेश के किसी अंश का उल्लंघन करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### फसल बेचने आए किसानों ने मंडी बंद होने पर चक्का जाम कर नाराजगी जताई

**अशोकनगर।** प्रशासन द्वारा कॉग्रेस के सोमवार को होने वाले प्रदर्शन को लेकर 2 दिन मण्डी बंद की घोषणा कर दी गई थी। लेकिन किसानों को मण्डी बंद होने की जानकारी नहीं थी। जिसके बाद किसान मण्डी में ट्रेक्टर-ट्राली से अपनी फसल बेचने पहुंचें लेकिन जब उन्हें मण्डी बंद होने की जानकारी मिली। तब नाराज किसानों ने मण्डी के मुख्य द्वार पर जाम लगाकर विरोध जताया। इन किसानों का कहना था कि हमें जानकारी मिल जाती तो हम अपनी कृषि उपज लेकर मण्डी नहीं आते उन्होंने कहा कि बताया जा रहा है कि 2 दिन मण्डी बंद रहेगी। यहां किसी प्रकार की सूचना चस्पा नहीं की गई है। न ही मण्डी कोई कर्मचारी किसानों को जबाव दे रहा है। हम मण्डी कार्यालय गये थे वहां मिले कर्मचारियों ने बताया कि हमे कोईं जानकारी नहीं है। मण्डी बोर्ड पर जबाबदारों अधिकारियों के नम्बर नहीं लिखे हैं। हम गांव से डीजल जलाकर 1000 का आए है और दो दिन यहां पर रूकेगें और रहने और खाने का खर्चा अलग होगा। ऐसा पता होता तो हम बेचने नहीं आते करीब 200 कृषि उपज मण्डी में आई है। मण्डी बंद के साथ-साथ मंडी प्रांगण में मौजूद कृषक भोजनालय भी बंद कर दिया है न पीने के पानी की व्यवस्था है। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने किसानों को समझाकर चक्का जाम हटवाया गया।

# कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति नीति कार्य पद्धति से अवगत कराया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

भारतीय मजदूर संघ अशोकनगर द्वारा परिचय वर्ग का आयोजन वेदांत भवन तायडे कॉलोनी में किया गया जो कि दो सत्रो मैं संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शारदा तिवारी उपस्थित रही कार्यक्रम का संचालन भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री हरि सिंह रघुवंशी( हैरी)द्वारा किया गया

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वर्गीय दत्तोपंत टेकड़ी , भारत माता और भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर फूलमाला चढ़ा कर एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संगठन का गीत राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव रघुवीर शर्मा द्वारा गीत लिया गया इसके बाद मंच पर आसीन अतिथियों का परिचय घनश्याम सोनी द्वारा कराया गया। अतिथियों का सम्मान भारतीय मजदूर संघ के कोषाध्यक्ष मयंक शर्मा द्वारा किया गया। प्रथम सत्र इस सत्र की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन द्वारा की गई और इस सत्र में भारतीय मजदूर संघ परिचय और कार्यपद्धति, रीति नीति के बारे में विस्तार से हरि सिंह रघुवंशी (हैरी) द्वारा बताया गया कि भारतीय मजदूर संघ शून्य से चालू हुआ था आज इसके सदस्य करोड़ की संख्या में है जिसकी स्थापना 23 जुलाई 1955 में हुई थी श्रमिक क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा संगठन है।भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति, कार्य पद्धति अन्य टेड यूनियन से अलग है।

द्वितीय सत्र की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ जिला उपाध्यक्ष बबीता रघुवंशी द्वारा की गई। इस सत्र मे भारतीय मजदूर संघ के अनिवार्य कार्यक्रम, पंचपरिवर्तन कार्यक्रमों की जानकारी, संगठन के गीत, नारे आदि की के बारे मे कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शारदा तिवारी द्वारा सभी को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम में उपस्थित समस्त कार्यकर्ता, पदाधिकारी, अतिथियों का आभार प्रकट महेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ जिला सह मंत्री सीमा श्रीवास्तव कृषि उपज मंडी मजदूर महासंघ अध्यक्ष किशोर दुबे भवन निर्माण अध्यक्ष प्रदीप पटेल, दौलतसिंह धाकड़, विष्णुप्रसाद साहू, सरस्वती तिवारी, मुन्नालाल आदि रहे सम्मलित।

# सिद्ध चक्र महा मंडल विधान में श्रद्धालु ले रहे धर्म लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंगावली।

नगर में इस समय सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है जो नगर के विद्या सौम्य सभा स्थली पर किया जा रहे है जिसमें प्रतिदिन प्रातःकाल मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा भक्ति के साथ आरती तदोपरांत विनयपाठ, दैनिक पूजन, नंदीश्वर द्वीप की पूजन एवं विधान के अघ्र्य श्रद्धालुओं द्वारा समर्पित किए जा रहे है।

इस विधान की विशेषता है कि इसमें प्रतिदिन अघ्र्य की संख्या दुगुनी दुगुनी होती जाती है ओर अंतिम दिवस 1024 अर्घ श्रद्धालुओं द्वारा प्रभु का अर्पित किए जाते है वहीं दोपहर में भक्त गण जाप्य कक्ष में विशुद्धि को बढ़ाते हुए शांति मंत्र का आराधन एवं महिलाएं समवशरण एवं मंडल की 108 परिक्रमा करती है इसके अलावा संध्या कालीन बेला में शाम को पुण्यार्जक परिवार के निज निवास से महा आरती निकलती है जो मुख्य मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर महा आरती का आयोजन संगीतमय किया जाता है, इस विधान में नगर के गौरव ब्रह्मचारी मोनू भैया ओर अमन शास्त्री द्वारा यह विधान संपन्न कराया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

## जिला आपूर्ति अधिकारी सहित जेएसओ ब्यावरा रिकॉर्ड बताने में असमर्थ

# आपूर्ति विभाग का खेल! अकेले ब्यावरा ब्लॉक से 6.73 करोड़ का 1672 टन राशन गायब



### 122 राशन दुकानों में से 98 दुकानों का राशन हुआ मूव

मुकेश कुमार शर्मा ⏭ब्यावरा

आपूर्ति विभाग द्वारा जिले सहित ब्यावरा ब्लॉक की राशन दुकानों के सत्यापन के नाम पर घोटाला सामने आया है। जिसमें आंगनबाड़ी से लेकर मिड-डे मील एवं गरीबों को दिए जाने वाले पीडीएस में कटौत्रा कर राशन दुकानों से राशन मूव किया गया है। अकेले ब्यावरा ब्लॉक की 122 दुकानों का हरिभूमी ने डाटा खंगाला जिसमें से 93 राशन दुकानें ऐसी निकली जिनका राशन आपूर्ति विभाग अधिकारियों द्वारा मूव किया गया है। इनमें 784 टन गेहूं , 846 टन चावल, 24 टन नमक,मोटा अनाज 5 टन, शकर 2 टन एवं मूंग 10 टन राशन को मूव कर गायब कर दिया गया है। गायब हुए बाजार मूल्य गेहूं 35 प्रति किलो, चावल 45 प्रति किलो चीनी 40 प्रति किलो मोटा अनाज 50 प्रति किलो नमक 20 प्रति किलो एवं मूंग 100 प्रति किलो से आंका जाए तो बाजार कीमत 6 करोड़ 73 लाख से ज्यादा होती है।

ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि आपूर्ति विभाग के जिम्मेदारों ने किस तरह शासन की योजनाओं को पलीता लगाकर अपना फायदा उठाया है। जहां ब्यावरा जेएसओ स्वाती वायकर मीडिया से बचती फिर रहीं है वहीं जिला अधिकारी भी ज्यादा कुछ बता पाने में अक्षम नजर आ रहे हैं। ज्यादा डाटा होने को बहाना बनाकर जिले भर की राशन दुकानों की सच्चाई छुपाने में लगे है परंतु हरिभूमि ने गरीबों के इस राशन घोटाले को एक मुहीम के तौर पर लिया है जिसमें ब्यावरा ब्लॉक के बाद राजगढ़ व जिले के अन्य ब्लॉक प्रकाशित किए जाएंगे। ब्यावरा ब्लॉक की सभी 93 दुकानों का डाटा दुकानदारों के नाम सहित हरिभूमि के पास उपलब्ध है।


ब्यावरा और सुठालिया की 3 दर्जन से अधिक दुकानों से राशन गायब, जेएसओ के पास जवाब नहीं
जिला आपूर्ति अधिकारी को पता ही नहीं कई टन गेहूं-चावल दुकानों से हुआ 'मूव'
एक नजर 6 राशन दुकानों पर जिनसे गायब हुआ राशन

**फैक्ट फाइल**

| राशन | गायब (मूव) |
|---|---|
| गेहूं | 784 .28 टन |
| चावल | 845 .95 टन |
| नमक | 24 .02 टन |
| मोटा अनाज | 5 .13 टन |
| शकर | 2 .49 टन |
| मूंग | 0 .35 टन |

### जिला आपूर्ति ने नहीं बनाई सत्यापन के लिए कोई टीम

जिला आपूर्ति अधिकारी ने कहा कि राशन दुकानों के सत्यापन के लिए राजस्व, सहकारिता और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई है जो राशन दुकानों के स्टॉक का सत्यापन कर उनका स्टॉक देखेगी परंतु जनवरी से चल रही इस कार्रवाई की भनक 7 महीने बाद भी एसडीएम ब्यावरा गीतांजली शर्मा को नहीं है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आपूर्ति विभाग की जेएसओ स्वाती वायकर ने किस तरह नियमों को ताख पर रखकर अपने मनमाने ठंग से काम किया है। बाजार में दुकानदार और आपूर्ति विभाग की सांठगांठ की चर्चा भी आम हो चली है।

### राशन कम कराने शहर में दलाल सक्रिय, हरिभूमि जल्दी करेगा डी-कोड

ब्यावरा जेएसओ स्वाती वायकर जिनके पास राजगढ़ का चार्ज भी है उनकी मीडिया से दूरी एवं बिना राजस्व के गोलमोल कार्यशैली से यह बात तो जाहिर हो रही है कि दाल में कुछ काला है यहां तक की कई ऐसी बातें सामने आई है जिससे दुकानों का राशन कम करने के लिए ब्यावरा शहर में दलाल सक्रिय हैं जो जेएसओ और दुकानदार के बीच साठगांठ का पुल तैयार कर राशन कम करवाते है। हरिभूमि जल्दी ही ऐसे दलालों का नाम भी प्रकाशित करेगा जिससे राशन माफियाओं के सिंटीकेट को डीकोड किया जा सके।

### इनका कहना है...

आप ऑफिस में आइए डाटा बहुत सारा है, ऐसे में आपको नहीं बता पाऊंगा।

अजीत सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी राजगढ़

# जिले के कोटवारों ने मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

*15 अगस्त तक मांगें पूरी न होने पर निकालेंगे तिरंगा यात्रा*



हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

जिले की विभिन्न पंचायतों में बेहद कम मानदेय पर कार्यरत कोटवार सालों से लंबित अपनी मांगों को लेकर सोमवार को मुख्यालय पर एकत्रित हुए। यहां सभी ने अपनी मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार अनिल शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए कोटवारों को परमानेंट करने की मांग प्रमुखता के साथ उठाई गई। इसके साथ ही 2007 में हुई कोटवार पंचायत में की गई घोषणा अनुसार कोटवारों को पात्रता परीक्षण कर सेवा/मालगुजार भूमि स्वामित्व प्रदान करते हुए सेवा भूमि अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग रखी गई। इसके साथ ही कोटवारों की वर्दी की राशि पूर्व की भांति उनके बैंक खातों के माध्यम से भुगतान करने, कोटवार की सेवाकाल में मृत्यु होने पर 10 लाख रुपए की अनुगृह सहायता प्रदान करते हुए आश्रित को चतुर्थ श्रैणी पद पर अनुकंपा नियुक्ति देने, कोटवार को सेवा से पृथक करने का अधिकार तहसीलदार के स्थान पर कलेक्टर को देने, कोटवार के सेवामुक्त होने पर कोटवार के परिवार के सदस्य को कोटवार पद पर नियुक्ति सहित सभी कोटवारों को शासन की तरफ से बैलेंस के साथ सीयूजी सिम देने सहित अन्य मांगे रखी गई हैं।

### मांगें पूरी नहीं होने पर विरोध स्वरूप निकालेंगे तिरंगा यात्रा

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि आगामी 15 अगस्त तक कोटवार संघ की सभी मांगों पर आदेश जारी करवाए जाएं। ऐसा न होने की स्थिति में प्रदेश के सभी 38 हजार कोटवार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सम्मुख व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सभी जिलों से तिरंगा यात्राएं निकालते हुए भोपाल पहुंचने के लिए बाध्य होंगे।

## रेलवे के अधिग्रहण में जा रहे हैं मकान व प्लॉट

# हेडगेवार कॉलोनी के बाशिंदों ने एसडीएम के सामने रखा अपना पक्ष

**राजगढ़।** क्षेत्र से होकर गुजरने वाली भोपाल-रामगंज मंडी रेलवे लाईन की जद में हेडगेवार कॉलोनी के 9 मकान सहित आधा दर्जन से अधिक प्लॉट आ रहे हैं। लेकिन, पूर्व के वर्षों में हुई प्रशासनिक त्रुटियों के चलते इन मकानों एवं प्लॉट मालिकों को अभी तक किसी तरह का कोई मुआवजा नहीं मिल पाया है।



ऐसे में प्रशासन की तरफ से मिले नोटिस उपरान्त सोमवार को रेलवे परियोजना से प्रभावित उक्त सभी मकान मालिक एवं प्लॉट स्वामित्वधारियों ने एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव से भेंट की। इसके साथ ही सभी प्रभावितों ने अपने-अपने मकानों की रजिस्ट्री, नामांतरण, नगर पालिका को हर वर्ष देय संपत्तिकर सहित अन्य सभी तरह के वैध दस्तावेज प्रशासन को उपलब्ध करवाए। एसडीएम श्री श्रीवास्तव ने सभी प्रभावितों की बात को धैर्य से सुनते हुए कहा कि चूंकि, यह मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है ऐसे में वहां से कोई निर्णय होने के उपरान्त ही मुआवजा वितरित किए जाने के संबंध में कार्यवाही आगे बढ़ाई जा सकेगी।

### *अनेकों वर्षों से कॉलोनी में निवासरत हैं रहवासी*

*उल्लेखनीय है कि रेलवे परियोजना से प्रभावित हो रहे उक्त सभी 9 मकानों व प्लॉटों के मालिक बीते 30-40 वर्षों से हेडगेवार कॉलोनी में निवासरत हैं। अब आने वाले समय में ही स्पष्ट हो जाएगा कि प्रभावितों के मकान बगैर मुआवजे के ही ढहाए जाएंगे या उन्हें न्याय मिल पाएगा।*

## मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर नेता व अफसरों ने किया मौका मुआयना



**नरसिंहगढ़।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 12 जुलाई को शहर में प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सोमवार को मंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, विधायक मोहन शर्मा, कलेक्टर गिरीश मिश्रा, एसपी अमित तोलानी, सीईओ तेजस्वी सहित अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थलों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके नेता, अफसरों ने स्थल निरीक्षण कर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, यातायात संचालन और जनसभा की बैठने की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। वहीं स्थानीय विधायक ने भी जनपद सभाकक्ष में सरपंच, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मीटिंग ली।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने मंच की व्यवस्था, वीआईपी आगंतुकों की बैठने की व्यवस्था, मीडिया के लिए अलग प्लेटफॉर्म और आमजन के लिए उचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बारिश की संभावनाओं को देखते हुए वैकल्पिक योजना तैयार करने को भी कहा गया। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती होगी, साथ ही ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। चिकित्सा सुविधा, पेयजल व्यवस्था, प्राथमिक उपचार केंद्र और अग्निशमन दल की भी व्यवस्था की जा रही है। नेताओं और अफसरों ने संयुक्त रूप से कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूरी कर ली जाएंगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो।मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर आम लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों को उम्मीद है कि उनके जिले को मुख्यमंत्री से कोई बड़ी सौगात मिल सकती है।

# महज ढाई हजार के लेन-देन विवाद में चले लट्ठ-फर्सी, 7 लोग घायल

## घायलों में बच्चे, महिलाएं भी शामिल, 7 लोगों पर एससी, एसटी और अन्य धाराओं में एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

महज ढाई हजार रुपए की उधारी के विवाद में रविवार रात्रि ढंढ गांव के एक ही परिवार के लोगों ने दाताग्राम निवासी दलित परिवार पर लट्ठ, फर्सी व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में बच्चों और दो महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद एम्बुलेंस और पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां सभी का इलाज जारी है। मामले में पुलिस ने ढंढ गांव के 7 लोगों पर अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### क्या है पूरा मामला

दाताग्राम निवासी नवीन पिता महेश कुमार जाटव ने तीन महीने पहले ढंढ गांव निवासी अमृतलाल सौंधिया से ढाई हजार रुपए उधार लिए थे। यह रुपए लौटाने को लेकर अमृतलाल और परिजनों ने नवीन को चार दिनों पहले अपने घर पर बंधक बना लिया लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया। नवीन को बंधक बनाए जाने संबंधी एक आवेदन उसके परिजनों द्वारा उसी दिन अजाक थाने में दिया गया था लेकिन उक्त आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

रविवार रात्रि धनवास जोड़ पर नवीन फिर से अमृतलाल सौंधिया को नजर आने पर वो उससे पैसे मांगने लगा और नवीन से मारपीट शुरू कर दी। उसी समय नवीन के चाचा महेश कुमार पिता मोहनलाल भी वहीं से गुजर रहे थे। अपने भतीजे नवीन के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब वे मौके पर पहुंचे तो अमृतलाल और उनके परिजनों ने लट्ठ और फर्सी से मारपीट शुरू कर दी। इस झगड़े और मारपीट की खबर नवीन के अन्य परिजनों मुन्नीबाई, ऊषाबाई, लोकेश, निशांत को मालूम हुई तो वे भी घटनास्थल पहुंचे जहां पहले से हथियारों मारपीट कर रहे लोगों ने इन सभी को भी जमकर पीटा जिसमें किसी के सिर में गंभीर चोंट आई तो किसी के हाथ, पैर और कंधों में गंभीर चोंटे पहुंची।



### डॉयल 100 वाहन को दी गई सूचना

घटना के बाद डायल 100 वाहन एवं एम्बुलेंस को सूचना दी गई। जिसके बाद सभी घायलों को रात में ही उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

### इन पर दर्ज हुआ प्रकरण

मामले में महेश जाटव की रिपोर्ट पर राजगढ़ कोतवाली थाने में 7 आरोपियों पर एससी/एसटी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। आरोपियों में अमृतलाल पिता पूरजी सौंधिया, मिथुन पिता अमृतलाल सौंधिया, कालू पिता पूरजी सौंधिया, धीरप पिता पूरजी सौंधिया, फूलसिंह पिता पूरजी सौंधिया, संतोषबाई पिता अमृतलाल सौंधिया सर्व निवासी ग्राम ढंढ एवं भगवान सिंह निवासी लालतलाई थाना कालीपीठ शामिल हैं।

# पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करने वाले दोषी को दी उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हत्या के एक आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। घटना 8 दिसंबर 2024 की है। गुलाबगंज में मृतक सूरज पारदी अपनी चाची ज्योति पारदी के साथ बैठा था। इसी दौरान नशे में धुत आरोपी बसंत सूर्यवंशी वहां आया। उसने सूरज से गाली-गलौच शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पहले पत्थर से सूरज के सिर पर वार किया। फिर चाकू से उसके सीने पर हमला कर दिया। ज्योति के बीच-बचाव करने की कोशिश पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल सूरज को 108 एंबुलेंस से गुलाबगंज के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ज्योति पारदी की शिकायत पर थाना गुलाबगंज में हत्या का मामला दर्ज किया गया।

# कर्बला रवाना हुई आलम साहब की सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मोहर्रम की 10 तारीख को मुस्लिम समाज के लोग हजरत इमाम हुसैन की शहादत के रूप में मनाते हैं। जनरल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष चौधरी मुशाहिद अली ने बताया कि आलम साहब की सवारी अपने मुकाम से 5:30 बजे उठकर कर्बला के लिए रवाना हुई। शहर की तमाम सवारियां अपने-अपने समय अनुसार उठकर कर्बला नदी पर जाएंगीं। रात के ठीक 1:30 पर सभी ताजिए बेतवा स्थित कर्बला कुंड में विसर्जन के लिए जाएंगे।

इस अवसर पर मुस्लिम एवं सभी समाज के सभी गणमान्य लोग जुलूस में शामिल हुए। इस दौरान इमामबाड़ा कमेटी के अध्यक्ष शरीफउद्दीन चौधरी शादाव, चौधरी फरहत अली, जुबेर अहमद पासा, सोहेल अहमद बबलू, टीपू पठान, आरिफ मंसूरी मौजूद रहे। यह जानकारी ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू ने दी।



## मंत्री पंवार ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

# डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर देश में राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

रविवार को ब्यावरा और सुठालिया कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक और प्रख्यात विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मंत्री पंवार ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि मैं श्रद्धेय डॉ. मुखर्जी के चरणों में नमन करता हूँ, वे एक ऐसे दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए किए गए उनके प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें विशेष जोर दिया। मंत्री पंवार ने यह भी उल्लेख किया कि डॉ. मुखर्जी ने भारतीय



जनसंघ की स्थापना कर देश में राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने का काम किया। उन्होंने शिक्षा, उद्योग और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में उनके विचारों और योगदान को भी रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में ब्यावरा मंडल और सुठालिया मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मंत्री पंवार ने जयंती के अवसर पर किया पौधारोपण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणास्पद अभियान 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' के अंतर्गत और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर ब्यावरा के वार्ड क्र. 06 और सुठालिया के बृजधाम के उद्यान में पौधरोपण किया और सभी से कहा कि यह अभियान केवल पर्यावरण संरक्षण नहीं, मातृत्व के प्रति संवेदना और सम्मान का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी से अपील है करते हुए कहा कि इस वर्षा ऋतु में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

# मातमी धुनों के साथ निकले ताजिए



हरिभूमि न्यूज ⏭तलेन

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में मोहर्रम माह के चांद देखने के बाद से 11 दिनों तक मुस्लिम समुदाय द्वारा इमाम हुसैन की याद में शहादत, त्याग का पर्व मनाया जाता है।

मोहर्रम कमेटी के तत्वावधान में मोहर्रम की ग्यारहवीं तारीख पर अखाड़ों, मातमी धुनों व अकीदत के साथ मोहर्रम के ताजिए निकाले गए। सोमवार को सुबह 11 बजे के करीब गांधी चैक बाजार से मोहर्रम का मातमी जुलूस अखाड़े,गाजे-बाजे,डीजे के साथ या अली,या हुसैन के नारों के साथ 8 ताजिए निकाले गए जो पुरानी बस स्टैंड, इकलेरा चौराहा से होते हुए,बस स्टैंड पर रखे गये।रास्ते भर अखाड़े के कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए गए।

नगर के अखाड़े सहित नगर व आसपास क्षेत्र से आए अखाड़े के कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए गए। नगर सहित आसपास से आए ग्रामीण अंचलों के मुस्लिम भाइयों का नगर वासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इमाम हुसैन की याद में निकलने वाले ताजियों को बस स्टैंड पर रखकर मुस्लिम समाज जनों द्वारा लोबान, अगरबत्ती, गुड़ और शकर से बनी रेवड़ी चढ़ाई और मन्नते मांगी गई। मोहर्रम कमेटी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

**कार्यालय- सरस्वती विद्या मंदिर शिक्षा समिति, राजगढ़**
**डॉ. हेडगेवार कॉलोनी, राजगढ़**
**जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**
राजगढ़, दिनांक ..........

निविदा सूचना

सरस्वती विद्या मंदिर शिक्षा समिति, राजगढ़ द्वारा ग्राम अजीतगढ़ ब्यावरा रोड स्थित भूमि पर हॉस्टल निमार्ण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से टेण्डर प्रणाली के अंतर्गत ऑफलाईन निविदाएं दिनांक 14/07/2025 को शाम 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्ते कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र. | Tender Ref No. | कार्य का नाम | आकार |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 | हॉस्टल निर्माण | 36000 sq.f. |

**सचिव**
**स.वि.मं.शिक्षा समिति, राजगढ़**